pib.gov.in
“5” (Home-MHA)

पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
***

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ‘अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस’ पर सभी को शुभकामनाएँ दी

“प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार बच्चों को सशक्त बनाने और ‘सबको शिक्षा’ के अपने मिशन की दिशा में निरंतर काम कर रही है”

"एनईपी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, समग्र शिक्षा अभियान, जैसे सुधार व योजनाएं मोदी सरकार की शिक्षा के प्रति कटिबद्धता को दर्शाता है"

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2020 की थीम है “साक्षरता कोविड-19 संकट और उससे आगे शिक्षा और अध्ययन”, यह थीम जीवन पर्यन्त साक्षरता दृष्टिकोण से शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती है

नई दिल्ली**, 08.09.2020**

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने ‘अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस’ पर सभी को शुभकामनाएँ दी। अपने ट्वीट में श्री अमित शाह ने कहा कि “प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार बच्चों को सशक्त बनाने के साथ ही ‘सबको शिक्षा’ के अपने मिशन को नई शिक्षा नीति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और समग्र शिक्षा अभियान जैसे सुधारों व योजनाओ के माध्यम से पूरा करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है”।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2020 की थीम है “साक्षरता कोविड-19 संकट और उससे आगे शिक्षा और अध्ययन” यह थीम जीवन पर्यन्त साक्षरता दृष्टिकोण से शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती है।

****

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी